सं.:1:05:138:I:सीएस
दिनांक: 03.11.2021

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी.जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में बोर्ड बैठक की सूचना

महोदया/महोदय,

सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 11 नवंबर, 2021 को आयोजित होने वाली अपनी बैठक में, अन्य विषय के साथ, सितंबर 30, 2021 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित) पर विचार किया जाएगा।

इस संबंध में, जैसा कि हमारे 30 सितंबर, 2021 के पत्र द्वारा पहले ही सूचित किया गया है कि पीएफसी की 'अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, उसकी मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग हेतु आचार संहिता' (संहिता) के अनुसार, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो 1 अक्तूबर, 2021 को बंद थी तथा 30 सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात 48 घंटों तक बंद रहेगी।

सभी निर्दिष्ट व्यक्तियों एवं उनके निकटतम संबंधियों को सलाह दी गई कि उपर्युक्त अवधि के दौरान किसी भी लेन-देन में शामिल न हों/ व्यापार न करें जिसमें पीएफसी के इक्विटी शेयरों/ प्रतिभूतियों की बिक्री अथवा खरीद शामिल हो।

आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com